# आयकर अपीलीय अधिकरण, इंदौर न्यायपीठ, इंदौर

## श्री मनीष बोरड, लेखा सदस्य तथा
## सुश्री मधुमिता रॉय, न्यायिक सदस्य के समक्ष

आ.अ.सं. 306 / इंदौर /2017
निर्धारण वर्ष : 2012-13

| | | |
|---|---|---|
| मे.महालक्ष्मी इंवेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग प्रा.लि., रतलाम | बनाम | आयकर उपायुक्त, रतलाम |
| अपीलार्थी | | प्रत्यर्थी |
| स्था.ले.सं.- एएडीसीएम 9703 जी | | |

आ.अ.सं. 49 से 54 / इंदौर /2015
निर्धारण वर्ष : 1986-87 से 1991-92

| | | |
|---|---|---|
| श्री सत्येन्द्र पांडे<br>वै/उ. स्व. श्री एस.एस. पांडे, खंडवा | बनाम | सहायक आयकर आयुक्त, वृत्त खंडवा |
| अपीलार्थी | | प्रत्यर्थी |
| स्था.ले.सं.- एडीएचपीपी 4262 बी | | |

| | |
|---|---|
| अपीलार्थियों की ओर से | श्री एस.एन.अग्रवाल, सीए तथा लिखित प्रतिवेदन |
| राजस्व की ओर से | श्री हर्षित बारी, वरिष्ठ विभागीय प्रतिनिधि |
| सुनवाई तिथि | 07.04.2021 |
| उद्घोषणा तिथि | 09.04.2021 |

## आदेश

न्यायपीठ द्वारा

ऊपर दर्शित निर्धारण वर्षों से संबंधित अलग-अलग निर्धारितियों की उपरोक्त शीर्षकों की अपीलें आयकर आयुक्त (अपील) (संक्षिप्त में आ.आ.(अ)) के अलग-अलग आदेशों के विरूद्ध दाखिल की गई हैं ।

2. सुनवाई के प्रारंभ में ही, निर्धारितियों की ओर से विद्वान अधिवक्ता तथा लिखित प्रतिवेदन के माध्यम से यह निवेदन किया गया है कि निर्धारितियों ने “विवाद से विश्वास योजना” में आवेदन किया है तथा योजना के अनुसार, वर्तमान अपीलों को वापिस लेना अपेक्षित है । अतः निर्धारिती वर्तमान अपीलों का अनुसरण करने के इच्छुक नही हैं । दूसरी ओर, विद्वान वरिष्ठ विभागीय प्रतिनिधि ने कोई आपत्ति नहीं की है यदि इन अपीलों को कथित योजना के अंतर्गत दबाव नहीं डाले जाने के कारण खारिज किया जाता है ।

3. उपरोक्त की दृष्टि में, हम निर्धारितियों द्वारा दाखिल इन अपीलों को वापिस लिए जाने के कारण खारिज करते हैं । यद्यपि, निर्धारिती विधि के अनुसार विनिहित अवधि के अंदर आदेश को वापिस बुलाने (recall) हेतु विविध आवेदन दाखिल करने के लिए स्वतंत्र होंगे यदि संबंधित निर्धारिती का इस योजना के उपभोग करने हेतु आवेदन राजस्व द्वारा किसी कारण से स्वीकार नहीं किया जाता है या संबंधित निर्धारिती किसी कारण से इस योजना में भाग नहीं ले पाता है ।

4. परिणामतः, निर्धारितियों की अपीलें वापिस लिए जाने के कारण खारिज की जाती हैं।

यह आदेश 09.04.2021 को खुले न्यायालय में उद्घोषित किया गया है।

| | |
|---|---|
| हस्ता/- | हस्ता/- |
| (मनीष बोरड) | (मधुमिता रॉय) |
| लेखा सदस्य | न्यायिक सदस्य |

दिनांक : 09.04.2021

प्रतिलिपि : अपीलार्थी, प्रत्यर्थी, आयकर आयुक्त (अपील), आयकर आयुक्त, विभागीय प्रतिनिधि, गार्ड फ़ाइल